**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2617**
**(19 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**2617. श्री मलूक नागर:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिजनौर संसदीय क्षेत्र में युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम (वाईएलटीपी) चल रहा है;

(ख) यदि हां, तो उक्त निर्वाचन क्षेत्र में कितने ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है/प्रशिक्षित किया जा रहा है;

(ग) दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अंतर्गत वर्ष 2014 से विशेषकर बिजनौर में लाभान्वित और रोजगार योग्य बनाए गए युवाओं की जिला और राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(घ) इसके अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अब तक कितने युवाओं को रोजगार मिला है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

**(क):** युवा मामले और खेल मंत्रालय के युवा मामले विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) ने वर्ष 2022-23 के दौरान युवा नेतृत्व और सामुदायिक विकास कार्यक्रम के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को संगठित होने, अपने अनुभव साझा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और मिशन आधारित दृष्टिकोण के साथ सामुदायिक कल्याण और राष्ट्र निर्माण कार्यकलाप करने का अवसर प्रदान करना था।

**(ख):** वर्ष 2022-23 के दौरान नेहरू युवा केन्द्र संगठन ने बिजनौर संसदीय क्षेत्र में युवा नेतृत्व और सामुदायिक विकास कार्यक्रम के संबंध में प्रशिक्षण के तहत 28 युवाओं को प्रशिक्षित किया।

**(ग) और (घ):** वर्ष 2014 से बिजनौर जिले में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अंतर्गत प्रशिक्षित और नियोजित युवाओं की संख्या क्रमश 2296 और 659 है। डीडीयू-जीकेवाई के अंतर्गत प्रशिक्षित और नियोजित युवाओं का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

**लोक सभा में दिनांक 19.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2617 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्र. सं. | राज्य | 2014 से नवंबर 2023 तक प्रशिक्षित और नियोजित युवाओं की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | प्रशिक्षित | नियोजित |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 117001 | 96704 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1274 | 469 |
| 3 | असम | 75717 | 43778 |
| 4 | बिहार | 77069 | 41809 |
| 5 | छत्तीसगढ | 56681 | 29782 |
| 6 | गुजरात | 25913 | 15439 |
| 7 | हरियाणा | 44425 | 31832 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 12512 | 5373 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 68807 | 43440 |
| 10 | झारखंड | 67775 | 32593 |
| 11 | कर्नाटक | 52971 | 33113 |
| 12 | केरल | 71310 | 40992 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 81493 | 43041 |
| 14 | महाराष्ट्र | 53973 | 36745 |
| 15 | मणिपुर | 5645 | 2173 |
| 16 | मेघालय | 6219 | 3431 |
| 17 | मिजोरम | 1720 | 967 |
| 18 | नागालैंड | 6420 | 3699 |
| 19 | ओडिशा | 212519 | 172271 |
| 20 | पंजाब | 37291 | 21464 |
| 21 | राजस्थान | 72340 | 36924 |
| 22 | सिक्किम | 2655 | 940 |
| 23 | तमिलनाडु | 67828 | 61135 |
| 24 | तेलंगाना | 61670 | 47717 |
| 25 | त्रिपुरा | 11216 | 5842 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 211762 | 59165 |
| 27 | उत्तराखंड | 19296 | 9687 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 38962 | 23666 |
| 29 | पुदुचेरी | 1650 | 582 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 493 | 154 |
| | **कुल** | **1564607** | **944927** |

स्रोत: डीडीयू-जीकेवाई कौशल भारत पोर्टल